**Series : EFGH/S**

**Set – 4**

| प्रश्न-पत्र कोड Q.P. Code | 92/S |
|---|---|

रोल नं.
**Roll No.**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# वित्तीय बाज़ार परिचय
# INTRODUCTION TO FINANCIAL MARKETS

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **50***

*Time allowed : **2** hours* — *Maximum Marks : **50***

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **21** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **19** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **21** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्डों में **21** प्रश्न हैं : **खण्ड क** और **खण्ड ख** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, जबकि **खण्ड ख** में विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *दिए गए (5 + 16) = 21 प्रश्नों में से उम्मीदवार को 2 घंटे के आबंटित (अधिकतम) समय में (5 + 10) = 15 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(v)* *किसी विशेष खण्ड के सभी प्रश्नों को सही क्रम में करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड क :** वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (24 अंक) :*

*(a)* *इस खण्ड में **5** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

*(d)* *निर्धारित अंक प्रत्येक प्रश्न / खण्ड के सामने दिए गए हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड ख :** विषयपरक प्रकार के प्रश्न (26 अंक) :*

*(a)* *इस खण्ड में **16** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *प्रत्येक परीक्षार्थी को **10** प्रश्न हल करने हैं ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

*(d)* *निर्धारित अंक प्रत्येक प्रश्न / खण्ड के सामने दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**(वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न)** **(24 अंक)**

**1.** रोज़गार कौशल पर दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***4*** के उत्तर दीजिए । *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा ग़ैर-मौखिक संचार का उदाहरण है ?

(A) अभिव्यक्ति

(B) पारस्परिक संचार

(C) लिखित संचार

(D) सार्वजनिक संचार

(ii) यह हमारे भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचा सकता है और घर, स्कूल और हमारे रिश्तों में अच्छी तरह से काम करने की हमारी क्षमता को सीमित कर सकता है । इस पद को पहचानिए ।

***General Instructions :***

*(i)* *Please read the instructions carefully.*

*(ii)* *This question paper consists of **21** questions in **two** Sections : **Section A** and **Section B**.*

*(iii)* ***Section A** has Objective Type Questions, whereas **Section B** contains Subjective Type Questions.*

*(iv)* *Out of the given (5 + 16) = 21 questions, a candidate has to answer (5 + 10) = 15 questions in the allotted (maximum) time of 2 hours.*

*(v)* *All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(vi)* ***Section A** : Objective Type Questions (24 marks) :*

- *(a)* *This section has **5** questions.*
- *(b)* *There is no negative marking.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question / part.*

*(vii)* ***Section B** : Subjective Type Questions (26 marks) :*

- *(a)* *This section has **16** questions.*
- *(b)* *A candidate has to do **10** questions.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question / part.*

## SECTION A

**(Objective Type Questions)** **(24 Marks)**

**1.** Answer any ***4*** out of the given ***6*** questions on Employability Skills. *4×1=4*

(i) Which of the following is an example of non-verbal communication ?

(A) Expression

(B) Interpersonal communication

(C) Written communication

(D) Public communication

(ii) It can harm our emotional and physical health and limit our ability to function well at home, in school and within our relationships. Identify this term.

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा ताकत का उदाहरण ***नहीं*** है ?

(A) मैं रचनात्मक लेखन में अच्छा हूँ।

(B) मैं दर्शकों के सामने बोलने को लेकर आश्वस्त हूँ।

(C) मैं गिटार बहुत अच्छा बजाता हूँ।

(D) मैं धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना चाहता हूँ।

(iv) किसी आइटम को ले जाने के लिए, आपको उस पर क्लिक करना होगा और फिर माउस बटन को दबाए रखते हुए, आइटम को नए स्थान पर ले जाना होगा। आइटम को नए स्थान पर ले जाने के बाद, आप माउस बटन को छोड़ देते हैं। इसे कहा जाता है :

(A) डबल क्लिक

(B) रोल ओवर या होवर

(C) ड्रैग एंड ड्रॉप

(D) प्वॉइंट एंड क्लिक

(v) उद्यमी समाज को लाभ पहुँचाने वाली गतिविधियों के माध्यम से लाभ कमाते हैं। कुछ उद्यमी पर्यावरण को बचाने की दिशा में काम करते हैं, कुछ स्कूल और अस्पताल बनाने के लिए पैसे देते हैं। इस तरह, उनके आस-पास के लोग और क्षेत्र बेहतर बनते हैं। यहाँ उद्यमियों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी भूमिका निभाई जाती है ?

(A) ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना

(B) स्थानीय सामग्रियों का उपयोग करना

(C) समाज की मदद करना

(D) नौकरियों का सृजन करना

(vi) बिजली उत्पादन के लिए पर्यावरण अनुकूल तरीका सौर ऊर्जा या सूर्य से प्राप्त ऊर्जा का उपयोग करना है, जो कि ________ है।

(A) सीमित (B) असीमित

(C) पट्टेदार (D) नवीकरणीय

**2.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) 'डिबेंचर' शब्द का प्रयोग ________ द्वारा जारी किए गए उपकरणों के लिए किया जाता है।

(A) सरकार (B) सार्वजनिक क्षेत्र संगठन

(C) निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र (D) आरबीआई

(iii) Which of the following is ***not*** an example of strength ?

(A) I am good at creative writing.

(B) I am confident of speaking in front of an audience.

(C) I play the guitar very well.

(D) I would like to speak English fluently.

(iv) To move an item, you need to click it and then holding the mouse button down, move the item to a new location. After you move the item to the new location, you release the mouse button. This is called :

(A) Double click

(B) Roll over or Hover

(C) Drag and Drop

(D) Point and Click

(v) Entrepreneurs make profits through activities that benefit society. Some entrepreneurs work towards saving the environment, some give money to build schools and hospitals. This way, the people and areas around them become better. Which of the following role is performed by entrepreneurs here ?

(A) Fulfil customers' needs

(B) Use of local materials

(C) Help society

(D) Creating jobs

(vi) An environmentally friendly way for production of power is using solar energy or energy from the sun which is _________.

(A) limited (B) unlimited

(C) lessor (D) renewable

**2.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) The term 'debenture' is used for instruments issued by the ____________.

(A) Government (B) Public Sector Organisation

(C) Private Corporate Sector (D) RBI

(ii) निम्नलिखित में से किसे सेबी (SEBI) की शक्ति के रूप में ***नहीं*** माना जाता है ?

(A) स्टॉक एक्सचेंजों और किसी अन्य प्रतिभूति बाज़ार में कारोबार को विनियमित करना

(B) स्टॉक दलालों, उप-दलालों, आदि के कामकाज को पंजीकृत करना और विनियमित करना

(C) विदेशी मुद्रा प्रबंधन को विनियमित करना

(D) स्व-नियामक संगठनों को बढ़ावा देना और विनियमित करना

(iii) यह अमान्य आवेदनों को हटाने के बाद पात्र आबंटियों की सूची को अंतिम रूप देता है और यह सुनिश्चित करता है कि आवेदकों के डीमैट खातों में शेयरों को जमा करने के लिए कॉर्पोरेट कार्रवाई की जाए और जिन पर लागू होता है, उन लोगों को रिफंड ऑर्डर भेजे जाएँ। यह कौन है ?

(A) कस्टोडियन (B) डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट

(C) मर्चेंट बैंकर (D) रजिस्ट्रार

(iv) ________ आवधिक ब्याज भुगतान को संदर्भित करता/करती है, जो उधारकर्ता (जो बॉन्ड का जारीकर्ता भी है) द्वारा ऋणदाता (बॉन्ड का ग्राहक) को किया जाता है।

(A) परिपक्वता (B) कूपन

(C) मूलधन (D) प्रतिफल

(v) निम्नलिखित में से किसका एक्सचेंज पर ट्रेड ***नहीं*** होता है ?

(A) फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट (B) फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट

(C) ऑप्शन्स कॉन्ट्रैक्ट (D) कमोडिटी डेरिवेटिव्स

(vi) ये फंड विभिन्न क्षेत्रों में फैली कंपनियों में निवेश करते हैं। ये फंड आमतौर पर जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए होते हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो चाहते हैं।

(A) सेक्टर फंड (B) ईक्विटी या ग्रोथ फंड

(C) डायवर्सिफाइड फंड (D) इंडेक्स फंड

**3.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) बैंकों में सावधि जमा, डाकघरों में लघु बचत प्रपत्र, बीमा/भविष्य/पेंशन निधि, आदि या प्रतिभूति बाज़ार से संबंधित प्रपत्र जैसे शेयर, बॉन्ड, डिबेंचर, आदि इसके उदाहरण हैं :

(A) चालू परिसंपत्तियाँ (B) वित्तीय परिसंपत्तियाँ

(C) वास्तविक परिसंपत्तियाँ (D) भौतिक परिसंपत्तियाँ

(ii) Which of the following is ***not*** considered as the power of SEBI ?

(A) Regulating the business in stock exchanges and any other securities markets

(B) Registering and regulating the working of stock brokers, sub-brokers, etc.

(C) Regulating the foreign currency management

(D) Promoting and regulating self-regulatory organisations

(iii) It finalises the list of eligible allottees after deleting the invalid applications and ensures that the corporate action for crediting of shares to the demat accounts of the applicants is done and the dispatch of refund orders to those applicable are sent. Who is it ?

(A) Custodian (B) Depository Participant

(C) Merchant Banker (D) Registrar

(iv) ___________ refers to the periodic interest payments that are made by the borrower (who is also the issuer of the bond) to the lender (the subscriber of the bond).

(A) Maturity (B) Coupon

(C) Principal Amount (D) Yield

(v) Which of the following is ***not*** traded on exchange ?

(A) Futures Contract (B) Forward Contract

(C) Options Contract (D) Commodity Derivatives

(vi) These funds invest in companies spread across sectors. These funds are generally meant for risk-averse investors who want a diversified portfolio across sectors.

(A) Sector Fund (B) Equity or Growth Fund

(C) Diversified Fund (D) Index Fund

**3.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Fixed deposits with banks, small saving instruments with post offices, insurance/provident/pension funds, etc. or securities market related instruments like shares, bonds, debentures, etc. are examples of :

(A) Current Assets (B) Financial Assets

(C) Real Assets (D) Physical Assets

(ii) बाज़ार सहभागियों का वह समूह जो सामूहिक रूप से निवेशकों और जारीकर्ताओं के बीच बातचीत को सुगम बनाता है, उसे ________ के रूप में जाना जाता है।

(A) नियामक (B) संरक्षक

(C) बैंकर (D) मध्यस्थ

(iii) किसी इश्यू में सेबी की भूमिका के बारे में कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(A) कोई भी कंपनी जो सार्वजनिक इश्यू करती है या कोई सूचीबद्ध कंपनी जो ₹ 50 लाख से अधिक मूल्य का राइट्स इश्यू करती है, उसे सेबी के पास उसके अवलोकन के लिए ड्राफ्ट ऑफर दस्तावेज़ दाखिल करना आवश्यक है।

(B) सेबी के अवलोकन पत्र की वैधता अवधि केवल तीन महीने है, यानी कंपनी की तीन महीने की अवधि के भीतर अपना इश्यू खोलना होगा।

(C) सेबी मुख्य रूप से यह देखने के लिए इश्यू की जाँच करती है कि प्रॉस्पेक्टस या ऑफर दस्तावेज़ में जारीकर्ता कंपनी द्वारा पर्याप्त खुलासे किए गए हैं।

(D) सेबी इश्यू की सिफ़ारिश भी करती है और किसी भी योजना या परियोजना की वित्तीय सुदृढ़ता के लिए कोई उत्तरदायित्व नहीं लेती है, जिसके लिए इश्यू बनाने का प्रस्ताव है।

(iv) *कथन I :* बॉन्ड ऋणग्रस्तता को प्रमाणित करने वाला एक परक्राम्य प्रपत्र है।

*कथन II :* बॉन्ड सामान्यत: असुरक्षित होता है।

(A) कथन I ग़लत है, परन्तु कथन II सही है।

(B) कथन I सही है, परन्तु कथन II ग़लत है।

(C) कथन I और II दोनों ग़लत हैं।

(D) कथन I और II दोनों सही हैं।

(v) किसी अनुबंध में अंतर्निहित परिसंपत्ति की गुणवत्ता किस डेरिवेटिव के तहत कई बार भिन्न हो सकती है ?

(A) कमोडिटी डेरिवेटिव (B) वित्तीय डेरिवेटिव

(C) मुद्रा डेरिवेटिव (D) स्टॉक ऑप्शन

(vi) ब्याज आवरण (कवरेज) अनुपात का सूत्र लिखिए।

(ii) The group of market participants that collectively facilitates interaction between investors and issuers is known as ____________.

(A) Regulators (B) Custodians

(C) Bankers (D) Intermediaries

(iii) Which statement is ***not*** correct about the role of SEBI in an issue ?

(A) Any company making a public issue or a listed company making a rights issue of value of more than ₹ 50 lakh is required to file a draft offer document with SEBI for its observations.

(B) The validity period of SEBI's observation letter is three months only, i.e. the company has to open its issue within three months period.

(C) SEBI mainly scrutinises the issue for seeing that adequate disclosures are made by the issuing company in the prospectus or offer document.

(D) SEBI also recommends issues and takes any responsibility for the financial soundness of any scheme or the project for which the issue is proposed to be made.

(iv) *Statement I* : Bond is a negotiable instrument evidencing indebtedness.

*Statement II* : Bond is normally unsecured.

(A) Statement I is false, but Statement II is true.

(B) Statement I is true, but Statement II is false.

(C) Both Statements I and II are false.

(D) Both Statements I and II are true.

(v) The quality of asset underlying a contract can vary at times under which derivatives ?

(A) Commodity Derivatives (B) Financial Derivatives

(C) Currency Derivatives (D) Stock Option

(vi) Write the formula of Interest Coverage Ratio.

**4.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) ________ एक ऐसा उत्पाद है, जिसका मूल्य एक या अधिक मूल चरों के मूल्य से प्राप्त होता है, जिसे 'अंतर्निहित' कहा जाता है।

(A) स्टॉक (B) ऋण प्रपत्र

(C) डेरिवेटिव (D) म्यूचुअल फंड

(ii) पोर्टफोलियो क्या है ?

(iii) नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* द्वितीयक बाज़ार व्यापारिक प्रतिभूतियों की कीमत की खोज को सक्षम बनाते हैं।

*कारण (R) :* द्वितीयक बाज़ार मौजूदा प्रतिभूतियों को तरलता और विपणन क्षमता प्रदान करते हैं।

विकल्प :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

(iv) इलेक्ट्रॉनिक होल्डिंग्स को फिजिकल सर्टिफिकेट में बदला जा सकता है। इस प्रक्रिया को ________ के नाम से जाना जाता है।

(A) डीमैटेरियलाइज़ेशन (B) रीमैटेरियलाइज़ेशन

(C) मैटेरियलाइज़ेशन (D) डॉक्यूमेंटेशन

**4.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) ______________ is a product whose value is derived from the value of one or more basic variables called 'underlying'.

(A) Stock (B) Debt instrument

(C) Derivative (D) Mutual Fund

(ii) What is a Portfolio ?

(iii) Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* Secondary markets enable price discovery of traded securities.

*Reason (R) :* Secondary markets provide liquidity and marketability to existing securities.

Options :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

(iv) Electronic holdings can be converted into physical certificates. This process is known as __________.

(A) Dematerialisation (B) Rematerialisation

(C) Materialisation (D) Documentation

(v) सेबी (प्रतिभूतियों की पुनर्खरीद) विनियमन, 1998 के तहत, किसी कंपनी को ____________ अपने शेयर वापस खरीदने की अनुमति है।

(i) प्रस्ताव दस्तावेज़ के माध्यम से आनुपातिक आधार पर मौजूदा शेयरधारकों से

(ii) बुक बिल्डिंग प्रक्रिया का उपयोग करके स्टॉक एक्सचेंजों के माध्यम से खुले बाज़ार से

(iii) विषम लॉट शेयर रखने वाले शेयरधारकों से

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) (i) और (iii) (B) (ii) और (iii)

(C) (i) और (ii) (D) (i), (ii) और (iii)

(vi) ______________ अभिदत्त पूँजी का एक हिस्सा है, जिसे कंपनी द्वारा भुगतान के लिए माँगा जाता है।

(A) माँगी गई (याचित) पूँजी (B) अभिदत्त पूँजी

(C) निर्गमित पूँजी (D) अधिकृत पूँजी

**5.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए। *5×1=5*

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा कारक ब्याज दरों को नियंत्रित ***नहीं*** करता है ?

(A) धन की माँग (B) धन की आपूर्ति

(C) प्रतिफल दर (D) मुद्रास्फीति दर

(ii) कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, प्रतिभूतियों की सदस्यता के लिए 50 से अधिक व्यक्तियों को प्रस्ताव नहीं दिया जाता है, जिसे प्रतिभूतियों का ___________ कहा जाता है।

(A) निजी प्लेसमेंट (B) राइट्स इश्यू

(C) सार्वजनिक इश्यू (D) फॉलो-ऑन-इश्यू

(iii) एनएसई (NSE) दुनिया का पहला एक्सचेंज है, जो ट्रेडिंग के लिए सैटेलाइट संचार तकनीक का उपयोग करता है। इसकी ट्रेडिंग प्रणाली को कहा जाता है :

(A) FLIP (B) ODIN

(C) BLOT (D) NEAT

(v) Under the SEBI (Buy Back of Securities) Regulations, 1998, a company is permitted to buy back its shares from ___________.

(i) Existing shareholders on a proportionate basis through the offer document

(ii) Open market through stock exchanges using book building process

(iii) Shareholders holding odd lot shares

Choose the correct options :

(A) (i) and (iii) (B) (ii) and (iii)

(C) (i) and (ii) (D) (i), (ii) and (iii)

(vi) __________ is a part of subscribed capital which has been called-up by the company for payment.

(A) Called-up capital (B) Subscribed capital

(C) Issued capital (D) Authorised capital

**5.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Which one of the following factors does ***not*** govern the interest rates ?

(A) Demand for Money (B) Supply of Money

(C) Rate of Return (D) Inflation Rate

(ii) According to the Companies Act, 2013, an offer to subscribe to securities made to not more than 50 persons is called a _________ of securities.

(A) Private placement (B) Rights issue

(C) Public issue (D) Follow-on-issue

(iii) NSE is the first exchange in the world to use satellite communication technology for trading. Its trading system is called :

(A) FLIP (B) ODIN

(C) BLOT (D) NEAT

(iv) नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* डीमैटेरियलाइज़्ड शेयरों में विशिष्ट संख्याएँ होती हैं।

*कारण (R) :* ये शेयर फंगिबल हैं, जिसका अर्थ है कि किसी विशेष सुरक्षा की सभी होल्डिंग्स समान और विनिमय-योग्य होंगी।

विकल्प :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

(v) एक निवेशक के पास ABC लिमिटेड के 100 शेयर हैं। कंपनी के शेयर का अंकित मूल्य ₹ 10 है। कंपनी 1 : 1 अनुपात में शेयर विभाजन का फैसला करती है। इस कॉर्पोरेट कार्रवाई के बाद कंपनी के शेयर का अंकित मूल्य क्या होगा ?

(vi) इन शेयरों का कारोबार नहीं किया जा सकता है और इन्हें पहले से तय अवधि के बाद भुनाया जाता है। ये शेयर क्या हैं ?

(A) ईक्विटी शेयर  (B) प्रेफरेंस शेयर

(C) कॉमन शेयर  (D) बोनस शेयर

## खण्ड ख

### (विषयपरक प्रकार के प्रश्न) (26 अंक)

*रोज़गार कौशल पर दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए।* $3 \times 2 = 6$

**6.** हम सभी जानते हैं कि लगभग सभी अंग्रेजी वाक्यों में एक कर्ता (subject) और एक क्रिया (verb) होती है, जबकि कुछ में कर्म (object) भी होते हैं। वाक्य के भागों के बारे में समझाइए।

**7.** समीर बहुत आलसी लड़का था और हमेशा काम (चीज़ों) को टालता रहता था। उसके पिता ने कोशिश की, कि वह समय के महत्त्व को समझे। समीर ने अपने पिता से वादा किया कि वह कभी भी अपने कामों को टालेगा नहीं। एक दिन, उसने एक गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता। उसे उसी दिन पुरस्कार लेने के लिए कहा गया। उसने परवाह नहीं की और अगले दिन पुरस्कार लेने गया। लेकिन अब पुरस्कार उसके लिए बेकार था, क्योंकि वह पिछले दिन के सर्कस शो का टिकट था। उस दिन समीर ने एक महत्त्वपूर्ण सबक सीखा – समय पर काम करने का महत्त्व।

इस अनुच्छेद के संदर्भ में, समय प्रबंधन का अर्थ दीजिए।

(iv) Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* Dematerialised shares have distinctive numbers.

*Reason (R) :* These shares are fungible, which means that all the holdings of a particular security will be identical and interchangeable.

Options :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

(v) An investor holds 100 shares of ABC Ltd. The company's face value of a share is ₹ 10. The company decided stock split in 1 : 1 ratio. What would be the face value of company's share after this corporate action ?

(vi) These shares cannot be traded and are redeemed after the pre-decided period. What are these shares ?

(A) Equity shares (B) Preference shares

(C) Common shares (D) Bonus shares

## SECTION B

**(Subjective Type Questions)** **(26 Marks)**

*Answer any **3** out of the given **5** questions on Employability Skills. Answer each question in 20 – 30 words.* *3×2=6*

**6.** We all know that almost all English sentences have a subject and a verb, while some also have an object. Explain the parts of a sentence.

**7.** Sameer was a very lazy boy and always used to postpone things. His father tried to make him understand the value of time. Sameer promised his father that he would never postpone his tasks. One day, he won the first prize in a singing competition. He was asked to collect the prize the same day. He didn't care and went to collect the prize the next day. But the prize was now useless for him, as it was a ticket to a circus show for the previous day. That day Sameer learnt an important lesson – the importance of doing things on time.

In context of this para, give the meaning of time management.

**8.** कम्प्यूटर प्रणाली की साप्ताहिक रखरखाव गतिविधियों की सूची बनाइए।

**9.** आजीविका क्या है ? दो तरीके बताइए, जिनसे कोई व्यक्ति जीविकोपार्जन कर सकता है।

**10.** सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) गरीबी को समाप्त करने, ग्रह की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई का एक सार्वभौमिक आह्वान है, कि सभी लोग शांति और समृद्धि का आनंद लें। सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सितंबर 2015 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास शिखर सम्मेलन में शुरू किए गए थे, जो सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा का निर्माण करते हैं। चार सतत विकास लक्ष्यों की सूची बनाइए।

*दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **4** के उत्तर 20 – 30 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* *4×2=8*

**11.** बहुत-सी नई कंपनियाँ पब्लिक इश्यू जारी करती हैं। जबकि इनमें से बहुत-सी कंपनियाँ वास्तविक होती हैं, लेकिन कुछ कंपनियाँ निवेशकों का शोषण करना चाहती हैं। इसलिए, यह बहुत जरूरी है कि निवेशक किसी भी इश्यू के लिए आवेदन करने से पहले कंपनी की भविष्य की संभावनाओं को पहचानें। सेबी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का एक भाग जनता के लिए जानकारी का खुलासा करना है। इस खुलासे में पैसे जुटाने का कारण, पैसे को खर्च करने का तरीका, पैसे पर अपेक्षित आय, आदि जैसी जानकारी शामिल हैं। यह जानकारी 'सूचीपत्र' के रूप में होती है। समझाइए कि सूचीपत्र किसके द्वारा तैयार किया जाता है।

**12.** भारत में स्टॉक एक्सचेंजों पर व्यापार सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग के बिना खुले तौर पर किया जाता था, ताकि व्यापारों का तुरंत मिलान या रिकॉर्डिंग किया जा सके। यह समय लेने वाला और अक्षम था। इससे व्यापार की मात्रा और दक्षता पर सीमाएँ लग गईं। व्यापार प्रणाली की इस कमी को कैसे दूर किया गया ?

**13.** 'आई.एस.आई.एन.' का क्या अर्थ है ?

**14.** रोलिंग सेटलमेंट के तहत, दिन के अंत में सभी ओपन पोजीशन का भुगतान/डिलीवरी अनिवार्य रूप से 'n' दिनों के बाद होता है। वर्तमान में, रोलिंग सेटलमेंट में ट्रेड का निपटान T+2 पर किया जाता है। T और +2 का क्या मतलब है ?

**15.** वार्षिक रिपोर्ट की विशेषताओं की सूची बनाइए।

**16.** निम्नलिखित जानकारी के लिए इन्वेंट्री टर्नओवर अनुपात की गणना कीजिए :

| | |
|---|---|
| शुद्ध बिक्री | ₹ 2,00,000 |
| शुद्ध लाभ | ₹ 50,000 |
| प्रारंभिक स्टॉक | ₹ 1,00,000 |
| अंतिम स्टॉक | ₹ 50,000 |

**8.** List the weekly maintenance activities of a computer system.

**9.** What is a career ? Mention two ways a person can earn a living.

**10.** Sustainable Development Goals (SDGs) are a universal call of action to end poverty, protect the planet and ensure that all people enjoy peace and prosperity. The Sustainable Development Goals (SDGs) were launched at the United Nations Sustainable Development Summit in New York in September 2015, forming the 2030 Agenda for Sustainable Development. List four Sustainable Development Goals.

*Answer any **4** out of the given **6** questions in 20 – 30 words each.* *4×2=8*

**11.** A large number of new companies float public issues. While a large number of these companies are genuine, quite a few may want to exploit the investors. Therefore, it is very important that an investor, before applying for any issue, identifies future potential of the company. A part of guidelines issued by SEBI is the disclosure of information to the public. This disclosure includes information like the reason for raising the money, the way money is proposed to be spent, the return expected on the money, etc. This information is in the form of 'prospectus'. Explain who prepares the prospectus.

**12.** The trading on stock exchanges in India used to take place through open outcry without use of information technology for immediate matching or recording of trades. This was time consuming and inefficient. This imposed limits on trading volumes and efficiency. How was this deficiency of the trading system overcome ?

**13.** What is meant by 'ISIN' ?

**14.** Under rolling settlement, all open positions at the end of day mandatorily result in payment/delivery 'n' days later. Currently, trades in rolling settlement are settled on T+2. What does T and +2 stand for ?

**15.** List the features of annual report.

**16.** Calculate the Inventory Turnover Ratio for the following information :

| | |
|---|---|
| Net sales | ₹ 2,00,000 |
| Net Profit | ₹ 50,000 |
| Opening Stock | ₹ 1,00,000 |
| Closing Stock | ₹ 50,000 |

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर 50 – 80 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* *3×4=12*

**17.** निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए :

(क) फ्लोर प्राइस

(ख) प्राइस बैंड और यह प्राइस बैंड कौन तय करता है

**18.** यदि कोई निवेशक XYZ लिमिटेड के स्टॉक का भाव जानने के लिए कंप्यूटर स्क्रीन पर देखता है, तो वह कुछ इस तरह दिखाई देगी :

| बोली (क्रय पक्ष) | | पूछ (विक्रय पक्ष) | |
|---|---|---|---|
| मात्रा | मूल्य (₹) | मूल्य (₹) | मात्रा |
| 1000 | 50·25 | 50·35 | 2000 |
| 500 | 50·10 | 50·40 | 1000 |
| 550 | 50·05 | 50·50 | 1500 |
| 2500 | 50·00 | 50·55 | 3000 |
| 1300 | 49·85 | 50·65 | 1450 |
| **कुल** 5850 | | | 8950 |

(क) 'पूछ मूल्य' और 'बोली मूल्य' से आपका क्या अभिप्राय है ?

(ख) उपर्युक्त तालिका से सर्वोत्तम बोली क्रम की पहचान कीजिए।

(ग) उपर्युक्त तालिका से सर्वोत्तम विक्रय क्रम की पहचान कीजिए।

**19.** 'ओपन-एंड फंड' और 'क्लोज-एंड फंड' के बीच अंतर बताइए।

**20.** ऐसी कई कॉर्पोरेट कार्रवाइयाँ हैं, जिन्हें कोई इकाई शुरू करने के लिए विकल्प चुन सकती है। कॉर्पोरेट कार्रवाइयाँ स्टॉक की कीमतों पर असर डालती हैं। यह एक ऐसी घटना है, जो किसी कंपनी में महत्त्वपूर्ण बदलाव लाती है और उसके हितधारकों को प्रभावित करती है। इन कॉर्पोरेट कार्रवाइयों की अच्छी समझ कंपनी की वित्तीय सेहत की स्पष्ट तस्वीर देती है और यह निर्धारित करती है, कि किसी विशेष स्टॉक को खरीदना है या बेचना है।

इस अनुच्छेद के संदर्भ में, कॉर्पोरेट कार्रवाइयों का अर्थ दीजिए। विभिन्न प्रकार की कॉर्पोरेट कार्रवाइयों का उल्लेख कीजिए।

**21.** कॉर्पोरेट विश्लेषण और वित्तीय विश्लेषण को स्पष्ट कीजिए।

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 50 – 80 words each.* *3×4=12*

**17.** Explain the following :

(a) Floor Price

(b) Price Band and who decides this price band

**18.** If an investor looks at a computer screen for a quote on stock of say XYZ Ltd., it might look something like this :

| Bid (Buy side) | | Ask (Sell side) | |
|---|---|---|---|
| Qty. | Price (₹) | Price (₹) | Qty. |
| 1000 | 50·25 | 50·35 | 2000 |
| 500 | 50·10 | 50·40 | 1000 |
| 550 | 50·05 | 50·50 | 1500 |
| 2500 | 50·00 | 50·55 | 3000 |
| 1300 | 49·85 | 50·65 | 1450 |
| **Total** 5850 | | | 8950 |

(a) What do you mean by 'Ask Price' and 'Bid Price' ?

(b) Identify the best Bid order from the above table.

(c) Identify the best Sell order from the above table.

**19.** Distinguish between 'open-end fund' and 'close-end fund'.

**20.** There are different corporate actions that an entity can choose option to initiate. Corporate actions have an impact on stock prices. It is an event that brings material changes to the company and affects its stakeholders. A good understanding of these corporate actions give a clear picture of the company's financial health and determines whether to buy or sell a particular stock.
In the context of this para, give the meaning of corporate actions. State the different types of corporate actions.

**21.** Explain corporate analysis and financial analysis.